Seat No. : _______________

JM-98

March-2013

Hindi (Principal)

Paper-4

(निबंध एवं अन्य गद्य विधाएँ)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

१. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **२१**

(अ) युगों से पुरुष स्त्री को उसकी शक्ति के लिए नहीं, सहनशक्ति के लिए ही दण्ड देता आ रहा है ।

अथवा

मयूर कलाप्रिय वीर पक्षी है, हिंसक मात्र नहीं । उसे बाज, चील आदि की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता, जिसका जीवन ही क्रूर कर्म है ।

(आ) मानव को, जो जीवन का श्रेष्ठतम रूप है, जीवन के अन्य रूपों के प्रति इतनी वितृष्णा और विरक्ति और मृत्यु के प्रति इतना मोह और आकर्षण क्यों ?

अथवा

दुःख और सुख तो मन के विकल्प हैं । सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुःखी वह है जिसका मन परवश है । परवश होने का अर्थ खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ-हुजूरी ।

(इ) जिसे हम व्यक्तित्व कहते हैं, वह संघर्ष की अवस्था है । जब तक यह अवस्था बनी रहती है, तभी तक मनुष्य का व्यक्तित्व भी कायम रहता है ।

अथवा

यह एक रहस्य है कि भलाइयों में जितना द्वेष होता है, बुराइयों में उतना ही प्रेम ।

२. 'भोलाराम का जीव' के व्यंग्यार्थ पर प्रकाश डालिए । **१२**

अथवा

'साहित्य का स्वरूप' निबन्ध के आधार पर आचार्य शुक्ल के साहित्यगत विचारों को स्पष्ट कीजिए ।

३. 'ठकुरी बाबा' रेखाचित्र में ठकुरी बाबा के जीवन की कथा का रेखांकन है । – स्पष्ट कीजिए । **१२**

अथवा

भक्तिन की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

४. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । १०

(अ) भाभी की दयनीयता का चित्रांकन ।

अथवा

सोना हरिणी की विशेषताएँ ।

(आ) 'ठेस' कहानी का कथासार ।

अथवा

'सती' कहानी का उद्देश्य ।

५. सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । १५

(क) **एक-एक** वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(१) नीलकण्ठ और राधा की सबसे प्रिय ऋतु कौन सी थी ?

(२) गौरा के बछड़े का नाम क्या रखा गया था ?

(३) गद्य-निकष के संपादक का नाम लिखिए ।

(४) आरजूमन्द बानू बेगम का दूसरा नाम क्या था ?

(५) रामा किसके अत्याचार से भागकर इन्दौर तक जा पहुँचा था ?

(ख) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(१) झींगुर अपने __________ के खेतों को देखता तो उस पर नशा छा जाता । (सरसों, गेहूँ, ऊख)

(२) __________ ने गाय करुणा की कविता है कहा है । (महात्मा गाँधी, महादेवी वर्मा, रवीन्द्रनाथ)

(३) रजुआ __________ कहानी का पात्र है । (ठेस, जिन्दगी और जोंक, मुक्ति-मार्ग)

(४) दीनबन्धु ऐण्ड्रूज का देहान्त __________ को हो गया । (५ फरवरी १९३०, ५ अप्रैल १९४०, १२ जनवरी १९४०)

(५) मनुष्य के अन्तःकरण की चार वृत्तियों में __________ की ही प्रथम गणना है । (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार)

(ग) उचित जोड़े मिलाइए :

अ	**ब**
(१) जिन्दगी और जोंक	(i) भगवत शरण उपाध्याय
(२) कुटज	(ii) बनारसीदास चतुर्वेदी
(३) ताजमहल	(iii) अमरकांत
(४) कला में व्यक्तित्व और चरित्र	(iv) रामधारीसिंह दिनकर
(५) दीनबन्धु ऐण्ड्रूज	(v) हजारीप्रसाद द्विवेदी